कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

Email id: nodalofficerddn@gmail.com Phone/Fax: 0135 2767611

पत्रांक– 220फ / FP/UK/Others/33662/2018 :देहरादूनः दिनांकः 20 मार्च, 2023

सेवा में,

वन संरक्षक,
पश्चिमी वृत्त,
उत्तराखण्ड, हल्द्वानी।

विषय :–जनपद चम्पावत के अन्तर्गत नगर पंचायत बनबसा एवं नगर पालिका परिषद टनकपुर के कूड़ा निस्तारण हेतु बनबसा में ट्रंचिंग ग्राउण्ड के निर्माण हेतु 0.80 है0 वन भूमि लीज पर लिये जाने के सम्बन्ध में।

संदर्भ :–आपका पत्रांक 1432/12–1 दिनांक 15.02.2023।

महोदय,

उपरोक्त विषयक पत्र का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिससे विषयांकित प्रकरण में भारत सरकार के पत्र दिनांक 20.12.2022 के अनुपालन में सूचना प्रेषित की गयी है, प्रेषित की गयी सूचना अपूर्ण है। भारत सरकार द्वारा प्रकरण में ऑनलाईन भाग–01 के पैरा–H में आवश्यक सुधार करने हेतु लिखा गया था, जो कि प्रस्तावक विभाग द्वारा नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रयोक्ता एजेन्सी के संलग्न पत्र के अनुसार प्रकरण में पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त की जानी है का उल्लेख किया गया है।

अतः उपरोक्तानुसार भारत सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में ऑनलाईन भाग–01 के पैरा–H में आवश्यक सुधार एवं पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में सूचना प्रयोक्ता एजेन्सी से प्राप्त कर यथाशीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

(एस0एस0 रसाईली)
अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण।

संख्या–220फ / FP/UK/Others/33662/2018 दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी।
2. अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, बनबसा, चम्पावत को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार ऑनलाईन भाग–01 के पैरा–H में आवश्यक सुधार/पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण कर सूचना सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी/वन संरक्षक के माध्यम से इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि सूचना ससमय भारत सरकार को प्रेषित की जा सके।

20/3/23

(एस0एस0 रसाईली)
अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण।